Seventeenth Loksabha

an>

Title : To start flights from Kishangarh, Ajmer airport to Delhi, Mumbai, Hyderabad and Ahmedabad

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): अध्यक्ष महोदय, आज आपने मुझे शून्य काल के दौरान अविलम्बनीय लोक महत्व के मामले में बोलने का अवसर दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार, बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, किशनगढ़, अजमेर एयरपोर्ट से फ्लाइट्स का संचालन अक्टूबर, 2018 से प्रारम्भ हुआ था । उड़ान योजना के तहत किशनगढ़ एयरपोर्ट से देश के 6 शहरों, जिसमें स्पाइस जेट एयरलाइन द्वारा दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद एवं मुंबई तथा स्टार एयरलाइन द्वारा इंदौर एवं सूरत की फ्लाइट्स का संचालन किया जा रहा था । स्पाइस जेट एयरलाइन ने उक्त सभी शहरों के लिए अपनी उड़ानों को तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए गत् 31 अगस्त, 2022 से बंद कर दिया । इससे प्रदेश का सबसे तेजी से उभरता हुआ नया एयरपोर्ट आज बंद होने की कगार पर है ।

महोदय, पिछले वर्ष सर्दियों में किशनगढ़ एयरपोर्ट से जहां रोजाना 5 से 6 फ्लाइट्स चल रही थीं, लेकिन अब रोज एक फ्लाइट के संचालन को लेकर भी असमंजस है । वहीं दूसरी ओर, भारतीय विमानन प्राधिकरण द्वारा जारी विंटर समय-सारणी में भी किशनगढ़ एयरपोर्ट से नवीन हवाई संचालन नहीं दिये जाने से स्थिति विकट हो गई है । अब केवल मात्र किशनगढ़ एयरपोर्ट से स्टार एयरलाइन की उक्त 2 उड़ानों का संचालन सप्ताह में औसतन 2-2 दिन ही हो रहा है ।

मान्यवर**,** स्पाइसजेट एयरलाइन को बंद हुये रूट्स पर अच्छा यात्रीभार मिल रहा था । उक्त तीनों उड़ानों के बंद होने का प्रमुख कारण वायबिलिटी गैप फंड (वीजीएफ) का भुगतान नहीं होना बताया गया है । सरकार वीजीएफ उसी स्थिति में देती है, जब यात्रियों के कम होने से नुकसान हो रहा हो । जब तक वायबिलिटी गैप फंड का प्रावधान सरकार ने कर रखा था, तब तक निजी विमानन कंपनीज़ ने इसका भरपूर लाभ उठाया । मगर, जैसे ही सरकार ने वीजीएफ में कटौती प्रारम्भ की तो पर्याप्त यात्रीभार होने के बावजूद निजी कंपनी स्पाइसजेट ने उक्त 4 शहरों के लिए उड़ान बंद कर दी ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से उड्डयन मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और अहमदाबाद हवाई उड़ानों को तुरंत चालू करायें ।

माननीय अध्यक्ष : कई माननीय सदस्य सदन में लगातार बातचीत कर रहे हैं । अगर वे दोबारा बात करेंगे तो नाम लेकर इंगित करूंगा ।